**Dainik Bhaskar 14-5-2013**

# कार्यालय नियंत्रक नाप - तौल म.प्र. भोपाल

सहायक ग्रेड-1 के एक रिक्त पद की पूर्ति अस्थि बाधित प्रत्याशी से करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

सहायक गेड-1 के एक रिक्त पद की पूर्ति अस्थि बाधित प्रत्याशी से की जाना है। इस पद की पूर्ति के लिये केवल निम्नलिखित अर्हताधारी प्रत्याशियों के आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में दिनांक 27.05.2013 तक आमंत्रित किये जाते हैं। पद की शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हताएं निम्न प्रकार से हैं :-

| स. क्र. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्तियों की संख्या | कुल पद | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड-1 | 5200-20200 + 2800 ग्रेड-पे | 01 | 01 | 1. हायर सेकेण्डरी या 10+2 परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल से अथवा सी.बी.एस.ई. (10+2) म.प्र. स्थित स्कूल से उत्तीर्ण की हो।<br>2. हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा म.प्र. शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् या शासन द्वारा समकक्ष निर्धारित निम्न संस्थानों से उत्तीर्ण की हो -<br>(i) म.प्र. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से 25 शब्द प्रतिमिनट की गति से हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण की हो।<br>(ii) - म.प्र. तकनीकी शिक्षा मण्डल या शासकीय पोलिटेक्नीक कॉलेज से हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण की हो।<br>3. मान्यता प्राप्त निम्न संस्थाओं में से किसी एक संस्था से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण हो :-<br>(i) Diploma from all Universities recognized by UGC.<br>(ii) Diploma from all open Universities recognized by UGC.<br>(iii) Diploma level examination from DOEACC<br>(iv) Morden office management coures from Govt. Polytechnic College.<br>4. मध्यप्रदेश लेखा प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण।<br>5. उम्मीदवार के पास शासन के नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।<br>6. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।<br>7. आयु सीमा- 18 वर्ष से 40 वर्ष (आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों की आयु सीमा में म.प्र. शासन के नियमानुसार छूट का लाभ दिया जावेगा) न्यूनतम आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01. 2014 के आधार पर की जावेगी।<br>8. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन की छायाप्रति।<br>9. ऐसे प्रत्याशी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है तथा तीसरी एवं पश्चात्वर्ती संतान का जन्म 26.01.2001 का है नियुक्ति के लिये अयोग्य होगा।<br>10. विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले प्रत्याशी नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। |

1. सहायक ग्रेड-1 पद पर नियुक्ति दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर की जावेगी।
2. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु सीमा में म.प्र. शासन के नियमानुसार छूट का लाभ दिया जावेगा। न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना दिनांक 01.01.2014 के आधार पर की जावेगी।
4. जाति प्रमाण-पत्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र की सत्यप्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। जाति के लिये राज्य शासन के निर्देश इस संबंध में अंतिम एवं मान्य होगें।
5. रोजगार कार्यालय का पंजीयन-आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिये।
6. विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से भेजें।
7. अपूर्ण अथवना त्रुटिपूर्ण एवं विलंब से प्राप्त होने वाले आवेदन फर्मो पर विचार नहीं किया जावेगा।
   ब. विज्ञप्ति पद के लिये निर्धारित संख्या में प्रत्याशियों को साक्षात्कार हेतु योग्यता अनुसार मेरिट बनाकर बुलवाया जायेगा।
   स. किसी भी आवेदन के संबंध में नियंत्रक नाप-तौल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
8. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन की छायाप्रति, आयु प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो जो राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो मूल निवासी प्रमाण-पत्र।
9. यात्रा व्यय की पूतिपूर्ति- आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों को विज्ञप्ति पदों के लिखित/साक्षात्कार परीक्षा के उपरांत नियमानुसार यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जावेगी।
10. विभाग में उक्त पद राज्य स्तरीय संवर्ग का है। प्रत्याशियों की नियुक्ति मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान पर की जा सकती है एवं स्थानांतरणीय है।
11. अ. कोई भी प्रत्याशी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
    ब. कोई भी प्रत्याशी जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
12. चयन के संबंध में अंतिम निर्णय नियंत्रक नाप-तौल मध्यप्रदेश भोपाल का ही मान्य होगा।
13. साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्रों को दिखाना आवश्यक होगा।

**नियंत्रक**
**नाप-तौल मध्यप्रदेश भोपाल**

## सहायक ग्रेड-1 पद हेतु आवेदन पत्र
## (केवल अस्थि बाधित प्रत्शासियों के लिये)

**प्रति,**

**नियंत्रक,**
**नाप-तौल, मध्यप्रदेश**
**डाक भवन के पास, होशंगाबाद रोड़,**
**भोपाल - 462011**

1. आवेदक का नाम
2. पिता/पति का नाम
3. जन्मतिथि (10 वीं की अंकसूची के अनुसार) सत्यापित प्रति संलग्न करें।
4. वर्तमान निवास का पता तथा पिन कोड नं.
5. स्थाई निवास का पता
6. गृह जिला का नाम
7. जाति एवं उपजाति
8. रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक
9. शैक्षणिक योग्यता, मुद्रलेखन, कम्प्यूटर एवं लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करने का विवरण

| स.क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/वि.वि. का नाम | वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

10. **शैक्षणिक योग्यता :-** हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा/ कम्प्यूटर परीक्षा/ लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी संलग्न करें।
11. विवाहित होने की दशा में विवाह का दिनांक ..................... बच्चों की संख्या ................ अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक ...............
12. विकलांगता का प्रमाण-पत्र क्रमांक व दिनांक
(प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा नाम**

## प्रमाण-पत्र

मैं प्रमाणित करता /करती हूँ कि उपरोक्त वर्णित तथ्य पूर्णतः सत्य हैं, जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**स्थान :-**
**दिनांक :-**

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**एवं पूरा नाम**



**पढ़ना लिखना सबका हक, ये अधिकार मिलेगा अब।**